सोमवार, 9 जून 2025
वर्ष 6, अंक 199, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 04 TOP

# नृत्यांकुर : गुरुओं व शिष्यों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया



नृत्यांकुर में गुरु और शिष्यों ने दी मनमोहक प्रस्तुति । ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नृत्यांकुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और शिष्यों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी चिरन्य, मायरा, पर्या, बंदगी, तनिशी, भव्या, सान्वी, बॉबी, आद्या, अनंशी और अंबिका ने सरस्वती वंदना पर अपने प्रदर्शन से किया। गणेश वंदना, हनुमान चालीसा, चंद्रा चूड़ा, राजेश्वरी और शिव स्तोत्र पर कथक के विद्यार्थियों ने अपने भाव प्रदर्शित किए। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए और तनया भट्टाचार्य ने तुंग तरंगे गंगे और देवी दुर्गा को समर्पित शक्ति को अपने भावों से प्रदर्शित कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ. पीके आदि मौजूद रहे।